वार्षिक प्रतिवेदन

2003-2004

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान

(मानित विश्वविद्यालय)

(मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार के तत्त्वावधान में संस्थापित)

56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान

(मानित विश्वविद्यालय)

(मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार के तत्त्वावधान में संस्थापित)

वार्षिक प्रतिवेदन

२००३-२००४

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान
(मानित विश्वविद्यालय)
५६–५७, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी,
नई दिल्ली – ११००५८

प्रकाशक:

कुलपति,
राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान
(मानित विश्वविद्यालय)
५६–५७, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी,
नई दिल्ली–११००५८

मुद्रक:
अमर प्रिंटिंग प्रैस
८/२५, विजय नगर, दिल्ली–११०००९

विषय–सूची

		पृष्ठ सं.
१.	प्रस्तावना	५–६
	१.१ भूमिका और कार्य	
	१.२ कार्यक्रम और क्रियाकलाप	
	१.३ अध्यापन	
	१.४ अध्यापक प्रशिक्षण	
	१.५ शोध	
	१.६ प्रकाशन	
	१.७ दूरदर्शन पर प्रसारण	
२.	वर्ष २००३–२००४ में उपलब्धियाँ	७
३.	संगठन और स्थापना	८
४.	शैक्षणिक अनुभाग	१२
५.	शोध एवं प्रकाशन अनुभाग	१३
६.	पत्राचार पाठ्यक्रम तथा अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण	१८
७.	परीक्षा अनुभाग	२५
८.	प्रशासन अनुभाग	२७
९.	वित्त अनुभाग	२८
१०.	योजना अनुभाग	३०
१०.१	पुस्तकालय अनुभाग	३३
११.	परिसर	
	११.१ **उत्तर प्रदेश**	३४
	गङ्गानाथ झा परिसर, इलाहाबाद	
	११.२ **उड़ीसा**	३७
	श्री सदाशिव परिसर, पुरी	
	११.३ **जम्मू और कश्मीर**	४२
	श्री रणवीर परिसर, जम्मू	
	११.४ **केरल**	४६
	गुरुवायूर परिसर, त्रिचूर	
	११.५ **राजस्थान**	५०
	जयपुर परिसर	

		पृष्ठ सं.
११.६	**उत्तर प्रदेश**	
	लखनऊ परिसर	५४
११.७	**कर्नाटक**	
	राजीव गांधी परिसर, शृंगेरी	५७
११.८	**हिमाचल प्रदेश**	
	गरली परिसर	६३
११.९	**मध्य प्रदेश**	
	भोपाल परिसर	६६
११.१०	**महाराष्ट्र**	
	मुम्बई परिसर	७०
१२. वर्ष की प्रमुख घटनाएँ		
१२.१	संस्कृत सप्ताहोत्सव	७१–७९
१२.२	वसन्तोत्सव (३–४ मार्च, २००४)	
१२.३	अखिल भारतीय वाक् स्पर्धा (२७–२९ दिसम्बर, २००३)	
१२.४	आदि शङ्कर व्याख्यानमाला–श्री आद्यशङ्कर आविर्भाव पञ्चविंशति शती महोत्सव (७.५.२००३) के समय आयोजित	
१२.५	प्रथम वी.सी.डी.–संस्कृत भाषा शिक्षणम् का विमोचन (२६.३.२००४)	
१२.६	संस्कृत नेट–भाषा मन्दाकिनी (५.९.२००३)	
१२.७	विश्व संस्कृत सम्मेलन (१४–१८ जुलाई, २००३)	
१२.८	दूरदर्शन पर संस्कृत कार्यक्रम	
१२.९	हिन्दी पखवाड़ा (१५.१.२००४)	
संलग्नक		
क.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान की प्रबन्धन परिषद् के सदस्यों की सूची।	८०–१०४
ख.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान की वित्त समिति के सदस्यों की सूची।	
ग.	सम्बद्ध संस्थाएँ।	
घ.	संस्थान की परीक्षाओं को मान्यता देने वाली संघ एवं राज्य सरकारों के नामों की सूची।	
ङ.	संस्थान की परीक्षाओं को मान्यता देने वाले विश्वविद्यालयों के नामों की सूची।	

१. प्रस्तावना

१.१ भूमिका और कार्य

सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम १८६० (१८६० का अधिनियम XXI) के अन्तर्गत पंजीकृत और अब मानित विश्वविद्यालय के रूप में कार्यरत राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान की स्थापना अखिल भारत में संस्कृत के विकास व संवर्धन हेतु अक्तूबर, १९७० में स्वायत्त संस्था के रूप में की गई। यह प्रारम्भ से ही भारत सरकार द्वारा पूर्णतया निधिबद्ध है। यह संस्कृत के प्रसार तथा विकास हेतु शीर्ष निकाय के रूप में कार्यरत है और संस्कृत अध्ययन के विकास हेतु विभिन्न कायक्रमों और योजनाओं के निर्माण तथा कार्यान्वयन में मानव संसाधन विकास मन्त्रालय को सहयोग देता है। इसने सभी दृष्टिकोणों से संस्कृत भाषा और शिक्षण के प्रसार व विकास हेतु भारत सरकार के शिक्षा मन्त्रालय द्वारा १९५६ में स्थापित संस्कृत आयोग द्वारा की गई विभिन्न संस्तुतियों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु केन्द्रीय निकाय के कर्त्तव्यों को ग्रहण कर लिया है।

संस्थान के पारम्परिक संस्कृत शिक्षण के संवर्धन और सम्प्रसारण के क्षेत्र में उत्कृष्ट महत्त्वपूर्ण कार्यों, अप्रकाशित संस्कृत मूल–पाठों के श्रेष्ठ प्रकाशनों, ५०,००० से भी अधिक दुर्लभ संस्कृत पाण्डुलिपियों के संरक्षण तथा प्रबन्धन को महत्त्व देते हुए भारत सरकार ने इसे ७ मई, २००२ से प्रभावी मानित विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया है जो अधिसूचना सं.एफ. ९–२८/२००० यू ३ (सी.पी.पी.–१) दिनांकित १३ जून, २००२ द्वारा अनुगत है जिसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अधिसूचना संख्या एफ ६–३१/२००१ (सी०सी०पी०१), दिनांक १३ जून २००२ से अनुगत किया गया है।

संस्था के बहिर्नियम में निर्दिष्टानुसार राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के मुख्य उद्देश्य संस्कृत अध्ययन, शोध, प्रसार, विकास व प्रोत्साहन हैं और संस्थापित अथवा अधिगृहीत समस्त परिसरों के प्रबन्धन हेतु केन्द्रीय प्रशासनिक और समन्वयक तन्त्र के रूप में कार्य करना है।

इस अवधि में प्रो. वेम्पटि कुटुम्ब शास्त्री, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के निदेशक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

१.२ कार्यक्रम और क्रियाकलाप

संस्थान ने अपने उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु निम्नलिखित कार्यक्रम और क्रियाकलाप प्रारम्भ किये हैं :–

- विभिन्न राज्यों में परिसरों की स्थापना।
- माध्यमिक, पूर्वस्नातक, स्नातक, स्नातकोत्तर स्तरों पर परम्परागत पद्धति से संस्कृत शिक्षण तथा डॉक्टर की उपाधि के स्तर पर शोध का संचालन करना।
- स्नातक अर्थात् शिक्षा शास्त्री (बी.एड.) स्तर पर शिक्षक प्रशिक्षण का संचालन करना।
- संस्कृत के विभिन्न क्षेत्रों में शोध कार्य का संचालन व समन्वयन।
- उभयनिष्ठ अभिरुचि वाली संयुक्त परियोजनाओं के प्रयोजन में अन्य संगठनों से सहयोग।
- संस्कृत पुस्तकालयों, पाण्डुलिपि संग्रहालयों की स्थापना और दुर्लभ पाण्डुलिपियों तथा महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का सम्पादन तथा प्रकाशन।

१.३ अध्यापन

संस्थान द्वारा निर्मित पाठ्यक्रम के आधार पर प्राक्शास्त्री से लेकर आचार्य स्तरों तक संस्थान के अङ्गीभूत परिसरों में शिक्षण का प्रबन्ध किया जाता है।

संस्थान द्वारा संचालित और संस्थान से सम्बद्ध संस्कृत संस्थाएँ भी उसी पाठ्यक्रम के साथ शिक्षण प्रदान करती हैं। सभी परिसरों में संस्कृत शिक्षा की आधुनिक प्रणाली के छात्रों को परम्परागत प्रणाली में सम्मिलित होने की सुविधा देने हेतु प्राक्शास्त्री नामक +२ स्तर का द्विवर्षीय मध्यवर्ती पाठ्यक्रम है। सम्प्रति राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान दस परिसरों का संचालन कर रहा है।

१.४ अध्यापक–प्रशिक्षण

परिसरों में शिक्षण अभ्यास पर बल देते हुए एक शिक्षा–वर्ष के शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है जिसमें संस्कृत में बी.एड्. के समकक्ष शिक्षा–शास्त्री की उपाधि प्रदान की जाती है।

१.५ शोध

गङ्गानाथ झा परिसर, इलाहाबाद का एकमात्र उद्देश्य चयनित शाखाओं में शोध सम्पादन है। सभी परिसरों में शोध हेतु छात्रों को स्वयं को पंजीयन कराने की सुविधाएँ विद्यमान हैं और इसके सफल समापन पर उन्हें पी–एच्.डी. के समकक्ष विद्यावारिधि की उपाधि प्रदान की जाती है।

१.६ प्रकाशन

शोध पत्रिकाएँ

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान 'संस्कृत विमर्श:' और 'गङ्गानाथ झा परिसर, इलाहाबाद शोध पत्रिका' नामक दो शोध पत्रिकाएँ प्रकाशित करता है। जबकि पहली पत्रिका संस्थान के मुख्यालय द्वारा प्रकाशित होती है, दूसरी गङ्गानाथ झा परिसर, इलाहाबाद द्वारा प्रकाशित की जाती है। इसके अतिरिक्त 'उशती' नामक साहित्यिक पत्रिका का प्रकाशन भी गङ्गानाथ झा परिसर, इलाहाबाद द्वारा किया जाता है।

१.७ दूरदर्शन प्रसारण

प्रसार भारती के माध्यम से संस्कृत अध्ययन कार्यक्रम आरम्भ किया गया था और यह कार्यक्रम ज्ञान दर्शन चैनल पर प्रतिदिन दिखाया जा रहा है। यह कार्यक्रम बहुसंख्यक लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है और संस्थान को सम्मान मिल रहा है। वर्ष २००३–२००४ में इस कार्यक्रम हेतु ८६.६७ लाख रुपए की राशि का उपयोग किया गया।

२. वर्ष २००३—२००४ में उपलब्धियाँ

- ७ प्रकाशन प्रकाशित किए।
- १०,५८० छात्र संस्थान की परीक्षाओं में बैठे।
- ३०३३ छात्रों को संस्थान परिसरों में प्रवेश मिला।
- उच्चमाध्यमिकोत्तर योजना के अन्तर्गत २९३२ छात्रों को छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गईं।
- १८ छात्रों को पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई।
- संस्कृत ग्रन्थ क्रय योजना के अधीन २७२ ग्रन्थों का थोक में क्रय हुआ।
- संस्कृत साहित्य प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत प्रकाशकों/विद्वानों ने ३४ प्रकाशन प्रकाशित किए।
- स्वयंसेवी संस्कृत संस्थाओं को अनुदान योजना के अन्तर्गत ७९३ संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की गई।
- स्वयंसेवी संस्कृत संस्थाओं को अनुदान योजना के अन्तर्गत १२५० शिक्षकों को समेकित वेतन प्रदान किया गया।
- स्वयंसेवी संस्कृत संस्थाओं को अनुदान योजना के अधीन ६१९० छात्रों को छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गईं।
- अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण कार्यक्रम में ५०,००० से अधिक छात्रों ने भाग लिया।
- अखिल भारतीय वाक्स्पर्धा प्रतियोगिता में शास्त्र शलाका परीक्षा को एक विषय के रूप में आयोजन किया गया।

३. संगठन और स्थापना

भारत सरकार द्वारा नियुक्त कुलाध्यक्ष (President) संस्थान का प्रधान होता है। माननीय श्री अर्जुन सिंह जी, मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार संस्थान के कुलाध्यक्ष (President) हैं। कुलपति प्रधान तथा कार्यपालक अधिकारी हैं। वह संस्थान के मामलों पर सामान्य पर्यवेक्षण तथा नियन्त्रण रखता है, नीतियों और योजनाओं का निष्पादन करता है तथा इसके सभी प्राधिकारियों के निर्णयों को लागू करता है। प्रो. वी. कुटुम्ब शास्त्री कुलपति के पद पर हैं। कुलाध्यक्ष के अतिरिक्त संस्थान के निम्नलिखित स्वीकृत प्राधिकारी हैं।

१. प्रबन्ध परिषद्– यह संस्थान में प्रबन्धन का प्रमुख अंग है। सुविचारित निर्णय लेने तथा उन्हें कार्यान्वियत करने तथा संकटपूर्ण स्थितियों को प्रभावशाली ढंग से निपटने के लिए अधिकार–सम्पन्न है।

२. विद्वत् परिषद्– शिक्षा, शिक्षण, प्रशिक्षण, परीक्षा और शोध कार्यक्रमों के मानदण्डों के अनुरक्षण हेतु प्रधान शैक्षिक निकाय है।

३. योजना एवं प्रबोधन परिषद्– विकास कार्यक्रमों के मानीटर हेतु उत्तरदायी प्रमुख योजना निकाय है।

४. वित्त समिति– प्रबन्धन परिषद् के समक्ष वार्षिक लेखा व वित्तीय प्राक्कलन रखने, कुल व्यय की सीमाएँ निर्धारित करने और हर प्रकार के पदों के सृजन की संस्तुति करने के लिए उत्तरदायी प्रमुख वित्त निकाय है।

५. परामर्शदात्री समिति– इसे शैक्षिक आयोजना व वृद्धि में सहायता का काम सौंपा गया है। यह यू.जी.सी. के नामिती की अध्यक्षता के अधीन कार्य करती है।

प्रबन्धन परिषद् तथा वित्त समिति का संघटन क्रमशः संलग्नक 'क' और 'ख' में दिया गया है।

अपने समृद्ध पुस्तकालय के अतिरिक्त राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान सात अनुभागों के द्वारा कार्य करता है :–

१. शैक्षणिक अनुभाग
२. शोध और प्रकाशन अनुभाग
३. पत्राचार पाठ्यक्रम तथा अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण अनुभाग
४. परीक्षा अनुभाग
५. प्रशासन अनुभाग
६. वित्त अनुभाग
७. योजना अनुभाग

इनमें से प्रत्येक अनुभाग के प्रधान उप/सहायक निदेशक/उप नियन्त्रक हैं।

३.१ शैक्षणिक अनुभाग

यह एकक शैक्षिक कार्य–निष्पादन हेतु मानकों के निर्धारण के लिए शैक्षिक कार्यक्रमों हेतु कैलेंडर निर्माण और विविध पाठ्यक्रमों हेतु पाठ्यचर्या की रूपरेखा तैयार करने के लिए प्रमुखतया उत्तरदायी है।

३.२ शोध एवं प्रकाशन अनुभाग

यह एकक अङ्गीभूत परिसरों की शोध और प्रकाशन गतिविधियों तथा संस्थान के शोध और प्रकाशन कार्यक्रमों और परियोजनाओं के समन्वय से सम्बद्ध है। यह संस्कृत साहित्य के निर्माण और पुस्तकों के थोक क्रय को वित्तीय सहायता प्रदान करने जैसी योजनाओं से भी सम्बद्ध है।

३.३ पत्राचार पाठ्यक्रम तथा अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण अनुभाग

यह एकक पत्राचार पाठ्यक्रमों की व्यवस्था हेतु उत्तरदायी है। ये पाठ्यक्रम दो स्तरों पर प्रस्तुत किए जाते हैं और यह अनुभाग अखिल भारत में अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्रों का भी प्रबन्ध करता है तथा अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण हेतु पाठ्यसामग्री का निर्माण करता है।

प्रस्तुत किए गए पत्राचार पाठ्यक्रम हैं :–

क. संस्कृत का प्रारम्भिक पाठ्यक्रम
प्रथम वर्ष (हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम)

ख. संस्कृत का प्रारम्भिक पाठ्यक्रम
द्वितीय वर्ष (हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम)

अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण पञ्चस्तरीय पाठ्य–सामग्री प्रस्तुत करता है जो स्वाध्याय से आरम्भ होती है। संस्कृत अध्ययन से प्रेम करने वाला समाज का कोई भी वर्ग इस कार्यक्रम से लाभान्वित हो सकता है।

३.४ परीक्षा अनुभाग

परीक्षा अनुभाग निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के लिए वार्षिक और पूरक परीक्षाओं का आयोजन करता है।

प्रथमा	(कक्षा VIII)
पूर्वमध्यमा	(कक्षा X)
उत्तरमध्यमा	(कक्षा XII)
प्राक्शास्त्री	(कक्षा XII)
शास्त्री	(बी.ए.)
शिक्षाशास्त्री	(बी.एड.)
आचार्य	(एम.ए.)

संस्थान द्वारा शिक्षा–शास्त्री पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु परीक्षा अनुभाग के माध्यम से पूर्व शिक्षा शास्त्री प्रवेश–परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसे पूर्व–शिक्षा शास्त्री परीक्षा (पी.एस.एस.टी.) के रूप में जाना जाता है।

यह परिसरों और सम्बद्ध संस्थाओं के छात्रों को शोध उपाधि विद्यावारिधि (पी.एच.डी.) प्रदान करने हेतु शोध–प्रबन्ध के मूल्यांकन और मौखिक परीक्षा की व्यवस्था भी करता है।

३.५ प्रशासन अनुभाग

प्रशासन अनुभाग संस्थान और उसके अंगीभूत परिसरों के सामान्य प्रशासनिक कार्यों की देखभाल करता है। यह नियुक्तियों, पदस्थापनों, स्थानान्तरणों तथा अन्य स्थापना सम्बन्धी कार्यों की योजना भी बनाता है। परिसरों पर नियन्त्रण रखना भी इस अनुभाग का प्रमुख दायित्व है।

३.६ वित्त अनुभाग

इस अनुभाग के कार्य आय–व्यय का विवरण तैयार करना, अनुदान की प्राप्ति तथा उसका विरतण, वित्तीय व्यवस्था और वार्षिक लेखा–जोखा आदि तैयार करना है। यह भविष्य निधियों का भी प्रबन्धन करता है और छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियों के संवितरण की व्यवस्था करता है।

३.७ योजना अनुभाग

यह अनुभाग स्वैच्छिक संस्कृत संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करना, शास्त्र चूड़ामणि विद्वानों की नियुक्तियाँ करना, विभिन्न संस्कृत पाठशालाओं/विद्यालयों/स्वैच्छिक संस्कृत संगठनों/विश्वविद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के आयोजन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना जैसी विभिन्न योजनाओं के उचित कार्यान्वयन हेतु उत्तरदायी है। यह अनुभाग संस्कृत के पारम्परिक छात्रों के लिए अखिल भारतीय वाक्स्पर्धा के आयोजन हेतु भी उत्तरदायी है।

३.८ परिसर

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के अंगीभूत परिसर निम्नलिखत हैं :–

क्रम सं.	परसरों के नाम	स्थान
१.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान श्री गङ्गानाथ झा परिसर	इलाहाबाद, उत्तरप्रदेश
२.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान श्री सदाशिव परिसर	पुरी, उड़ीसा
३.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान श्री रणवीर परिसर	जम्मू, जम्मू और कश्मीर
४.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान गुरुवायूर परिसर	त्रिचूर, केरल
५.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान जयपुर परिसर	जयपुर, राजस्थान
६.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान लखनऊ परिसर	लखनऊ, उत्तरप्रदेश
७.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान श्री राजीव गांधि परिसर	शृंगेरी, कर्नाटक
८.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान गरली परिसर	गरली, हिमाचलप्रदेश

९.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान भोपाल परिसर	भोपाल, मध्यप्रदेश
१०.	राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के.जी. सोमया परिसर	मुम्बई, महाराष्ट्र

ये परिसर निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के लिए अध्यापन कार्य करते हैं :–

क्रम सं.	पाठ्यक्रम	के समकक्ष
१.	उत्तरमध्यमा/प्राक्शास्त्री	सीनियर सेकेण्डरी
२.	शास्त्री	बी.ए.
३.	आचार्य	एम.ए.
४.	शिक्षाशास्त्री	बी.एड.
५.	विद्यावारिधि	पी–एच.डी.

बी.एड. कार्यक्रम का संचालन पुरी, जम्मू, जयपुर, लखनऊ, शृंगेरी, भोपाल और गुरुवायूर परिसरों में किया जाता है।

४. शैक्षणिक अनुभाग

इस विभाग की प्रधान डा. श्रीमती सविता पाठक, उप निदेशक (शैक्षणिक) हैं। इस अनुभाग में निम्नलिखित स्टाफ कार्यरत हैं :–

१.	शोध सहायक	१
२.	वरिष्ठ आशुलिपिक	१
३.	निम्न श्रेणी लिपिक	१
४.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	१

यह अनुभाग निम्नलिखित कार्यकलापों से सम्बन्धित है–

यह संस्थान के शैक्षिक क्रियाकलापों का प्रमुख व्यवस्थापक है और विभिन्न कक्षाओं के लिए पाठ्यक्रमों का निर्माण करता है।

प्रथमा से आचार्य तक के विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम बनाने के लिए अलग–अलग विषयों की समितियों का गठन किया गया है। इसे आवश्यकतानुसार संवीक्षा हेतु अध्ययन मण्डल के पास भेजा जाता है।

तथापि, जहाँ तक विद्यालय स्तर पर अंग्रेजी, हिन्दी और इतिहास जैसे आधुनिक विषयों का प्रश्न है, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम को अपनाया जाता है। शास्त्री कक्षा के लिए हिन्दी और अंग्रेजी जैसे आधुनिक विषयों के लिए सामान्यतया दिल्ली विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम को अपनाया जाता है।

५. शोध एवं प्रकाशन अनुभाग

इस अनुभाग के प्रधान सहायक निदेशक (शोध और प्रकाशन) डा. प्रकाश पाण्डेय (एम.ए. संस्कृत, आचार्य योगतन्त्र, पी. एच.डी.) हैं।

इस अनुभाग में निम्नलिखित स्टाफ कार्यरत हैं :–

१.	अनुभाग अधिकारी	१
२.	शोध सहायक	१
३.	सहायक	१
४.	निम्न श्रेणी लिपिक	३
५.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	१

इस शाखा का दायित्व मुख्यालय और परिसरों के शोध और प्रकाशन कार्यों में सामंजस्य स्थापित करना है।

इसके अतिरिक्त, मन्त्रालय से अन्तरित निम्नलिखित योजनाओं के कार्यान्वयन का कार्य भी इसके सुपुद्र किया गया है–

१. समाचार–पत्रों और पत्रिकाओं के साथ–साथ संस्कृत वाङ्मय की रचना।

२. संस्कृत–ग्रन्थों का क्रय और अप्राप्य तथा दुर्लभ ग्रन्थों का पुनर्मुद्रण।

३. पाण्डुलिपियों का क्रय और प्रकाशन।

वर्ष २००३–२००४ में संस्थान की अनुदान समिति की एक बैठक बुलाई गई जिसमें विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कई महत्त्वपूर्ण प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। इन योजनाओं के अधीन रु. ७५.११ लाख व्यय हुए।

संस्कृत वाङ्मय रचना योजना के अन्तर्गत अनुदान समिति के द्वारा निम्नलिखित संस्कृत पत्रिकाओं के प्रकाशन हेतु वित्तीय सहायता का अनुमोदन किया गया:–

क्रम सं.	पत्रिका का नाम	से प्रकाशित	अवधि	अनुदान राशि
१.	चन्दामामा	चेन्नई	मासिक	रु. ८०,०००/– प्रतिवर्ष
२.	सम्भाषण सन्देश	बेंगलूर	मासिक	रु. ८०,०००/– प्रतिवर्ष

वर्ष के दौरान पूर्वोक्त दो पत्रिकाओं के अलावा १० अन्य संस्कृत पत्रिकाओं के लिए रु. १,४४,४१०/– का अनुदान जारी किया गया है।

इस वर्ष में संस्कृत वाङ्मय रचना योजना के अन्तर्गत भारत के विभिन्न भागों के विद्वानों को निम्नलिखित ग्रन्थों के प्रकाशन हेतु अनुदान प्रदान किए गए थे।

क्रम सं.	ग्रन्थकार का नाम	ग्रन्थ का शीर्षक	प्रकाशन	रचना हेतु वर्ष में जारी किया गया अनुदान
१.	श्री आर. गोविन्दराजन, चेन्नई	पादुकासहस्रनाम	लेखक	९९,४९०/–
२.	डा. अभिराम सुन्दरम्, चेन्नई	ज्ञानेश्वर दीक्षित का अलंकारराघव ए स्टडी (अलंकार प्रकरण)	लेखक	१४,९३६/–
३.	डा. जयन्त श्याम ब्रह्मचारी इलाहाबाद	पुराणेषु व्याकरण विमर्श	प्रशान्त पब्लिकेशन, इलाहाबाद	३०,५८७/–
४.	पं. एकानन्द राजहंस देवघर (बिहार)	भारतीय संस्कृति की नवनीत कथा	लेखक	४४,१४५/–
५.	डा. कृष्ण कुमार हरिद्वार	प्राचीन भारतस्य भौगोलिकस्वरूपम्	मयंक प्रकाशन कंकहाल (हरिद्वार)	३६,२२२/–
६.	प्रो. जयमंत मिश्र दरभंगा	आर्य पञ्चसती	इन्दिरा प्रकाशन, दरभंगा	२३,४३५/–
७.	डा. मितली देव वाराणसी	यज्ञतन्त्र सुधानिधि	श्रीजी पब्लिकेशन, वाराणसी	३२,४९०/–
८.	डा. पी.आर. पञ्चमुखी धारवाड़ा	श्रीमद् विष्णुतत्त्व विनिर्णय	लेखक	९३,१०१/–
९.	डा. के. माधवन कोलकता	द भट्टी काव्य–ए क्रिटिकल अप्रैसेल	संस्कृत पुस्तक भण्डार, कोलकाता	१३,५१८/–
१०.	डा. बृजेश कुमार शुक्ला लखनऊ	वेद व्यास प्राणीतम् आद्य पुराणम्	नाग पब्लिशर्स, दिल्ली	५५,४९३/–
११.	डा. ओमप्रकाश पाण्डेय लखनऊ	संस्कृत मनीषा के कतिपय नक्षत्र	नाग पब्लिशर्स, दिल्ली	४३,४१४/–
१२.	प्रो. बी. रामराजु हैदराबाद	वेंकट विजय वैजयन्ती	लेखक	२०,५९४/–
१३.	डा. आर.के. शर्मा दिल्ली	हनुमद् भक्ति परक साहित्य	शती प्रकाशन, दिल्ली	३९,३३२/–

१४.	डा. उर्मिला रस्तोगी दिल्ली	मनुस्मृति (९–१०)	लेखक	१,०२,५७०/–
१५.	डा. (श्रीमती) ए.अरुन्धती दिल्ली	वास्तुवैद्य इन मनोसुलासा	लेखक	२,९०,६०६/–
१६.	डा. राजकुमारी त्रिकहा दिल्ली	महाभारत में योग विद्या	जे.पी. पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली	४५,२११/–
१७.	डा. सलिल नायक उड़ीसा	कन्सेप्ट ऑफ रिबर्थ	नाग पब्लिशर्स, दिल्ली	६९,१४७/–
१८.	डा. ओंकार नाथ तिवारी पटना	ऋग्वेदस्य दार्शनिकधरातलम्	नाग पब्लिशर्स, दिल्ली	४२,०१४/–
१९.	डा. श्रद्धा शुक्ला दिल्ली	श्रीमत्स्य पुराणम्	नाग पब्लिशर्स दिल्ली	२,२०,११०/–
२०.	डा. रीना अस्थाना हरदोई (उत्तरप्रदेश)	गृह्यनुष्ठानों का सांस्कृतिक अन्वेषण	नाग पब्लिशर्स दिल्ली	६४,५२०/–
२१.	डा. शशीनाथ झा दरभंगा	श्री मधुधरा	नाग पब्लिशर्स दिल्ली	२७,४१०/–
२२.	डा. बटोही झा लखनऊ	गीतानन्तरसम्	मिहिर प्रकाशन लखनऊ	२८,०३३/–
२३.	डा. बलभद्र प्रसाद शास्त्री बरेली	रूपक पञ्चकम्	वाग देवता प्रकाशन बरेली	२५,४७२/–
२४.	प्रो. रमेश चंद दिल्ली	हम्मीर महाकाव्य	प्रकाश पब्लिशर्स गाजियाबाद	३१,२१६/–
२५.	डा. रविकान्त मणि जयपुर	उदाहरणचन्द्रिकाया: समीक्षात्मकमध्ययनम्	हंस प्रकाशन, जयपुर	२३,०४८/–
२६.	प्रो. नीलकंठ गुरतु साहिबाबाद (उत्तरप्रदेश)	परमार्थसार	पेनमन प्रकाशन दिल्ली	३९,२६०/–
२७.	डा. श्याम बाला राय इलाहाबाद	ब्रह्मसूत्र वृत्ति मिताक्षरा का समीक्षात्मक अध्ययन	निर्मल प्रकाशन, गाजीपुर (उत्तरप्रदेश)	२४,९३७/–
२८.	डा. श्रीधर वशिष्ठ गुड़गाँव	श्रीयादव प्रकाश कृत पिंगलकछन्दो– विचिति भाष्यम्	नाग पब्लिशर्स, दिल्ली	५३,४१५/–
२९.	डा. नमिता गर्ग, दिल्ली	वररुचि एवं हेमचन्द्र विरचित प्राकृत व्याकरण	नाग पब्लिशर्स, दिल्ली	६३,३११/–

३०.	डा. हरिनारायण तिवारी गरली (एच.पी.)	पातञ्जल महाभाष्यम् अष्टमोऽध्याय	संध्या प्रकाशन, वाराणसी	४४,६०६/–
३१.	डा. ज्ञान प्रकाश शास्त्री मेनपुरी	पाणिनी प्रत्ययार्थ कोष	प्रणव प्रकाशन, हरिद्वार	१,५१,७०४/–
३२.	डा. इच्छाराम द्विवेदी दिल्ली	प्रणव रचनावली	देववाणी परिषद्, दिल्ली	८७,४४२/–
३३.	डा. प्रवेश सक्सेना दिल्ली	वेदों में पर्यावरण संरक्षण	मनीप प्रकाशन, दिल्ली	३१,९९४/–
३४.	डा. सुरेन्द्र पाल सिंह इलाहाबाद	जातक विमर्श	साहित्य भण्डार, इलाहाबाद	३९,८७९/–

संस्थान ने उपर्युक्त ग्रन्थों के निर्माण हेतु रु. ३०.७५ लाख का प्रकाशन अनुदान जारी किया है।

ग्रन्थों की क्रय सम्बन्धी योजना का विवरण इस प्रकार है:–

आवेदकों की संख्या	प्रस्तुत किए गए शीर्षकों की संख्या	कुल क्रय शीर्षकों की संख्या
१७१	४७२	२७२

वर्ष में दी गई कुल राशि रु. ४१.७० लाख है।

दुर्लभ ग्रन्थों की पुनर्मुद्रण योजना के अन्तर्गत ६ ग्रन्थों का मुद्रण किया गया है जिन्हें भारत के और विदेश के विद्वानों द्वारा भली–भाँति स्वीकार किया गया है। प्रस्तुत वर्ष में इस कार्य हेतु रु. २.६६ लाख व्यय किए गए हैं।

उच्चमाध्यमिकोत्तर छात्रवृत्ति

छात्रवृत्ति अनुभाग के प्रधान डा. प्रकाश पाण्डेय, सहायक निदेशक (शोध और प्रकाशन) हैं। इसमें निम्नलिखित स्टाफ कार्यरत हैं :–

१.	अनुभाग अधिकारी	१
२.	सहायक	१
३.	उच्च श्रेणी लिपिक	२
४.	निम्न श्रेणी लिपिक	१

यह अनुभाग देश भर में उच्चमाध्यमिकोत्तर छात्रवृत्तियों का संवितरण करता है। छात्रवृत्ति की दो श्रेणियाँ हैं :–

१. पारम्परिक पाठशालाओं के छात्रों के लिए शोध छात्रवृत्तियाँ;

२. बी.ए., एम.ए. और पी.एच.डी. तथ समकक्ष पारम्परिक पाठ्यक्रम जारी रखने हेतु उच्चमाध्यमिकोत्तर छात्रवृत्तियाँ।

वर्ष २००३–२००४ में छात्रवृत्ति प्रदान करने का अलग–अलग विवरण निम्नलिखित है :–

क्रम सं.	पाठ्यक्रम	नवीन (प्रथम वर्ष)	नवीकरण (द्वितीय वर्ष)
१.	प्राक्शास्त्री/उत्तरमध्यमा/यू.एस.	२८०	८२
२.	इण्टर	८५१	१३४
३.	बी.ए.	१०२२	४४
४.	शास्त्री	१७६	४३
५.	एम.ए.	१८२	०९
६.	आचार्य	५३	०२
७.	पी–एच.डी.	४८	१०
८.	विद्यावारिधि	१९	४६
	कुल	**२६३१**	**३७०**

इस मद के अन्तर्गत रु. २३.५८ लाख व्यय किए गए।

६. पत्राचार पाठ्यक्रम और अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण

इसके प्रधान डा. ललित कुमार त्रिपाठी, रीडर, व्याकरण (लखनऊ विद्यापीठ से स्थानान्तरित) हैं जो संस्कृत स्वाध्याय योजना के संयोजक तथा अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण के राष्ट्रिय संयोजक हैं। यह अनुभाग निम्नलिखित स्टाफ के साथ कार्य कर रहा है :–

१.	शोध सहायक	२
२.	अनुभाग अधिकारी	१
३.	अनुदेशक	१
४.	निम्न श्रेणी लिपिक	२
५.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	३

डा. धर्मेन्द्र कुमार सिंहदेव, (एम.ए., एम.फिल्, पी–एच.डी.), शोध सहायक और डा. रत्न मोहन झा (एम.ए., आचार्य, पी–एच.डी.), शोध सहायक, संस्कृत स्वाध्याय योजना तथा अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण परियोजना के लिए सहायक संयोजक के रूप में कार्यरत हैं।

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान ने वर्ष २००३–२००४ में इस विभाग के माध्यम से निम्नलिखित योजनाएँ/कार्यक्रम संचालित किए:

१. अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण कार्यक्रम

२. संस्कृत स्वाध्याय योजना

३. पत्राचार पाठ्यक्रम

४. संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

१. अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान को प्रायोगिक आधार पर सम्पूर्ण देश में वर्ष २००३ में अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्रों को त्रैमासिक चक्र में संचालन हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।

एक सौ केन्द्रों की प्रायोगिक सफलता के मूल्यांकन के पश्चात् दिसम्बर २००३ से लेकर १२०० केन्द्रों के संचालन का निर्णय किया गया। देश भर में अनुमोदित १२०० केन्द्रों की राज्य–वार स्थिति नीचे दी गई है:–

राज्य–वार आँकड़ा शीट

राज्य	केन्द्रों की संख्या	अध्येताओं की संख्या (प्राप्त आँकड़ों के आधार पर)
अण्डमान	१	३१
आन्ध्र प्रदेश	६५	२५१५

अरुणाचल प्रदेश	३	३०
असम	९६	४०९९
बिहार	२६	८९६
छत्तीसगढ़	३०	६४१
दिल्ली	३०	१०३६
गुजरात	९६	३६२६
हिमाचल प्रदेश	८	२४७
हरियाणा	५	९४
जम्मू और कश्मीर	४	३६
झारखण्ड	५	१९५
कर्नाटक	११२	४०३९
केरल	१३६	४७२७
महाराष्ट्र	५२	१९९९
मणिपुर	५	२०३
मध्य प्रदेश	१०१	६५७९
उड़ीसा	५५	२८८५
पंजाब	५	२०५
राजस्थान	४२	१८३४
तमिलनाडु	६६	२७११
उत्तराञ्चल	३७	१६३१
उत्तर प्रदेश	२०७	९०३१
पश्चिम बंगाल	१३	५२२
कुल	**१२००**	**५०,२७३**

इन केन्द्रों के अध्येताओं ने बहुत उत्साह दिखाया। पचास हजार से भी अधिक छात्रों, अध्यापकों, प्राध्यापकों, चिकित्सकों, अभियन्ताओं, बैंककर्मियों, उद्योगपतियों, अधिकारियों, वकीलों, वैज्ञानिकों, कृषकों और गृहिणियों आदि ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्राप्त

आँकड़ों पर आधारित एक विश्लेषण नीचे दिया जा रहा है :–

सहभागियों का विश्लेषण :–

१.	शिक्षक, प्रध्यापक, प्रोफेसर, पी.एच.डी., नेट	४९२२
२.	डॉक्टर, इन्जीनियर	२७४
३.	ऑफिसर (कमिश्नर, बैंक मैनेजर आदि)	१५३
४.	वकील, एल.एल.बी.	१११
५.	सेवारत/सेवानिवृत्त	७३६४
६.	छात्र	२३४११
७.	व्यापारी	१५४९
८.	सनदी लेखाकार	१२
९.	कृषक	१०३१
१०.	गृहिणियाँ	२५६७
११.	अन्य	८८७९
	कुल	**५०,२७३**

समाज की सभी जातियों और समुदायों के लोगों ने संस्कृत सीखने में अति उत्साह दिखाया। अध्येताओं के परामर्श–पत्र, पोस्ट–कार्ड, अन्तर्देशी पत्र और दूरभाष सन्देश उनकी आन्तरिक भावनाओं को व्यक्त करते हैं।

समाज के गण्यमान्य व्यक्तियों के द्वारा अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण के विभिन्न केन्द्रों का उद्घाटन किया गया। इन केन्द्रों के सम्यक् संचालन में संभी केन्द्राध्यक्षों, केन्द्र संयोजकों और संस्कृत शिक्षकों ने पूर्ण सहयोग दिया है। इन केन्द्रों का संचालन करने वाली संस्थाओं ने राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख समाचार–पत्रों, स्थानीय समाचार–पत्रों और पत्रिकाओं में विज्ञापन, समाचार और सूचनाएँ दीं। विज्ञापनों, बैनरों और हैण्डबिलों के द्वारा भी प्रचार और प्रसार किया गया। केन्द्रों में भव्य उद्घाटन तथा समापन समारोह आयोजित किए गए।

केन्द्रों पर पाठ्य–सामग्री का मुख्य आधार प्रथमा दीक्षा की पाठ्य–सामग्री थी। राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान ने इस सामग्री को तैयार और प्रकाशित किया है। अध्येताओं को यह सामग्री लागत–मूल्य पर उपलब्ध कराई गई। जो अध्येता न्यूनतम ७५ प्रतिशत कक्षाओं में उपस्थित रहे अथवा जिन्होंने स्थानीय केन्द्रों द्वारा आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण की, उन्हें प्रथमा दीक्षा की समाप्ति पर सहभागिता प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए। संस्थान ने प्रथमा दीक्षा के अन्त में अध्येताओं से पाठ्य–सामग्री के विषय में परामर्श–पत्र आमन्त्रित किए थे। अध्येताओं ने तारतम्यता, सुगम्यता, अभ्यासों के वैविध्य और शिक्षण–प्रणाली विज्ञान के दृष्टिकोण से पाठ्य–सामग्री को श्रेष्ठ माना है।

विभिन्न केन्द्रों पर त्रैमासिक पाठ्यक्रम के अध्ययन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

इन अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्रों का संचालन न केवल देश के नगरों और महानगरों में किया गया, अपितु दूरवर्ती छोटे गाँवों और छोटे कसबों और जम्मू व कश्मीर तथा उत्तर–पूर्व राज्यों के दुर्गम क्षेत्रों में भी किया गया। संस्कृत शिक्षकों को अति दूर के स्थानों से भी आना पड़ा। परिणाम अत्यन्त सुखद एवं रोमांचक रहे।

अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्रों का संचालन देशभर में विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों (डिग्री कॉलेजों), इण्टर कॉलेजों, उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, कनिष्ठ उच्च विद्यालयों, पब्लिक स्कूलों और स्वैच्छिक संस्थाओं में किया गया।

इन केन्द्रों की सम्यक् क्रियाशीलता हेतु प्रत्येक राज्य में एक प्रान्त संयोजक को नामित किया गया। उसने सम्बद्ध राज्य में केन्द्रों, केन्द्र–संयोजकों और शिक्षकों से सम्बन्धित प्रस्ताव प्राप्त किए। विविध संस्थाओं से सीधे प्रस्ताव प्राप्त होने पर भी संस्थान द्वारा केन्द्रों के संचालन की संस्वीकृति प्रदान की गई।

प्रान्त संयोजकों की सूची

क्रमांक	राज्य	संयोजक का नाम तथा पता
१.	आन्ध्र प्रदेश	डा. डोबाराल प्रभाकर शर्मा, प्रिंसीपल, श्री.वी.जे.वी. संस्कृत कलाशाला, कोव्वूर, पश्चिम गोदावरी जिला (आं.प्र.)
२.	बिहार+झारखण्ड	डा. श्री प्रकाश पाण्डेय, लेक्चरर, संस्कृत विभाग, एल.एस. महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर (बिहार)
३.	दिल्ली	डा. वाई.एस. रमेश, संयोजक (संस्कृत प्रोजेक्ट), एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली
४.	गुजरात	डा. एच.एम. पाण्डेय, प्रिंसीपल, वडोदरा संस्कृत महाविद्यालय, वडोदरा (गुजरात)
५.	हरियाणा	डा. सुरेन्द्र मोहन मिश्रा, रीडर, संस्कृत विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र
६.	जम्मू एवं काश्मीर	डा. विश्वमूर्ति शास्त्री, रीडर एवं साहित्यविभागाध्यक्ष, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, श्री रनबीर परिसर, जम्मू
७.	कर्नाटक	डा. ए.पी. सच्चिदानन्द, रीडर एवं शिक्षाविभागाध्यक्ष, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, राजीव गान्धी परिसर, शृंगेरी
८.	केरल	श्री पी.एन. शास्त्री, रीडर एवं साहित्यविभागाध्यक्ष, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, गुरुवायूर परिसर, गुरुवायूर (केरल)
९.	महाराष्ट्र (विदर्भ क्षेत्र)	डा. पंकज चांदे, कुलपति, कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक, नागपुर
१०.	महाराष्ट्र (विदर्भ क्षेत्र के बिना)	श्रीपाल भट्ट, लेक्चरर, संस्कृत विभाग, तिलक महाराष्ट्र विद्यापीठ, पुणे

११.	एम.पी+छतीसगढ़	श्री लक्ष्मी निवास पाण्डेय, रीडर एवं शिक्षाविभागाध्यक्ष, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, भोपाल परिसर, भोपाल
१२.	उड़ीसा	डा. उपेन्द्र राव, रीडर एवं साहित्यविभागाध्यक्ष, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, श्री सदाशिव परिसर, पुरी
१३.	पंजाब+हिमाचल प्रदेश	श्री भक्तवत्सलम, प्रिंसीपल, एस.डी. आदर्श संस्कृत कालेज, दोहगी, उना (हिमाचल प्रदेश)
१४.	राजस्थान	श्री सुदेश कुमार शर्मा, रीडर, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, जयपुर परिसर, त्रिवेणी नगर, जयपुर
१५.	तमिलनाडु	डा. रामचन्द्रन, (पी.जी. विभाग), विवेकानन्द कालेज, मेलपुर, चेन्नई (तमिलनाडु)
१६.	उत्तरांचल	डा. बलदेव शर्मा, प्रिंसीपल, मंगला देवी कालेज, देहरादून
१७.	उत्तर प्रदेश	डा. चंद्रशेखर, रीडर, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, लखनऊ परिसर, लखनऊ
१८.	पश्चिम बंगाल	डा. सत्यपाद भट्टाचार्य, रीडर, गवर्नमेंट संस्कृत कालेज, कोलकाता

संस्थान ने इन केन्द्रों के सम्यक् संचालन को सुनिश्चित करने हेतु अपने परिसरों के शिक्षकों द्वारा इन केन्द्रों का निरीक्षण करवाया। सहस्रों अध्येताओं ने इन केन्द्रों के माध्यम से न केवल आगामी अध्ययन हेतु अपनी सकारात्मक अभिरुचि प्रदर्शित की, अपितु ज्योतिष, दर्शन, कर्मकाण्ड व पौराणिकी आदि संस्कृत के विविध विद्या विशेषों पर अल्पावधि पाठ्यक्रमों के संचालन के सुझाव भी दिए। अतः राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान भविष्य में भी इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु सभी संभव प्रयास कर रहा है।

२. संस्कृत स्वाध्याय योजना

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान ने अनुभव किया कि दूरस्थ लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संस्कृत की स्वाध्याय सामग्री को प्रकाशित करना उसका कर्त्तव्य है। पञ्चस्तरीय संस्कृत स्वाध्याय कार्यक्रम आरम्भ करने की दूरगामी परियोजना उपर्युक्त उत्तरदायित्व के बोध का परिणाम है। इस प्रकार संस्कृत स्वाध्याय योजना अस्तित्व में आई।

इस योजना के अन्तर्गत वर्ष २००३–२००४ में निम्नलिखित कार्य सम्पादन हुआ।

(i) स्वाध्याय सामग्री का निर्माण

* ८५० पृष्ठों वाली द्वितीया दीक्षा की पाठ्य–सामग्री का प्रथम लेखन और सम्पादन।
* भारतीय फलित ज्योतिष, भारतीय सिद्धान्त ज्योतिष और भारतीय वास्तु–शास्त्र के आमुख और पाठ्यक्रम का निर्माण।

(ii) स्वाध्याय सामग्री का पुनर्मुद्रण

* प्रथमा दीक्षा के एक लाख और एक हजार (१,०१,०००) पुस्तक–गुच्छ का पुनर्मुद्रण हुआ जो इस प्रकार है:

प्रथमा दीक्षा का पुनर्मुद्रण	
अक्तूबर २००३	१,००० प्रतियाँ
नवम्बर २००३	३०,००० ,,
दिसम्बर २००३	२०,००० ,,
मार्च २००४	५०,००० ,,
कुल	**१,०१,००० प्रतियाँ**

(एक लाख, एक हजार प्रतियाँ)

इस वर्ष संस्थान ने अनौपचारित संस्कृत शिक्षण पर रु. २२४.०१ लाख व्यय किए।

३. पत्राचार पाठ्यक्रम

संस्थान भारत और विदेश में संस्कृत के सामान्य अध्येताओं के लिए हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम से संस्कृत भाषा सीखने के लिए पत्राचार पाठ्यक्रमों का संचालन दो स्तरों पर करता है, अर्थात् (अ) संस्कृत में प्रारम्भिक पाठ्यक्रम–प्रथम वर्ष (आ) संस्कृत में प्रारम्भिक पाठ्यक्रम–द्वितीय वर्ष। वर्ष २००३–२००४ में लगभग १८६ छात्रों ने पत्राचार पाठ्यक्रम में पंजीयन करवाया।

४. संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

संस्थान ने प्रत्येक केन्द्र पर १५० छात्रों के हिसाब से आठ केन्द्रों पर १२०० शिक्षकों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम भी चलाया है।

क्रमांक	प्रशिक्षण कैम्पों का स्थान	प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या	संस्थान के प्रतिनिधि
१.	कोयम्बटूर	२०१	डा. एम.ए. बाबू, रीडर, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, गुरुवायूर परिसर, गुरुवायूर, डा. एल.एन. शर्मा, रीडर, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, गुरुवायूर परिसर, गुरुवायूर
२.	बैंगलोर	१६९	रामकरण मिश्रा, लेक्चरर, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, राजीव गांधी परिसर, श्रृंगेरी चंद्रकान्त, लेक्चरर, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, राजीव गांधी परिसर, श्रृंगेरी
३.	अलाहाबाद	१५१	डा. फतेह सिंह, रीडर, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, जयपुर परिसर, जयपुर
४.	भोपाल	१३८	डा. के.के. शाइन, लेक्चरर, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, भोपाल परिसर, भोपाल

			डा. वी.एन. चौधरी, रीडर, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, भोपाल परिसर, भोपाल
५.	दिल्ली	१२२	डा. नागेन्द्र नाथ झा, लेक्चरर, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, रनवीर परिसर, जम्मू डा. बच्चा भूनाती, लेक्चरर, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, रनवीर परिसर, जम्मू
६.	लखनऊ	२१८	डा. लोकमान्य मिश्र, रीडर, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, लखनउ परिसर, लखनऊ डा. भारत भूषण, लेक्चरर, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, लखनऊ परिसर, लखनऊ
७.	भुवनेश्वर	९८	डा. के. सम्बशिव मूर्ति, लेक्चरर, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, सदाशिव परिसर, पुरी श्री विजयपाल कुशुवाह, लेक्चरर, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, सदाशिव परिसर, पुरी
८.	गुवाहाटी	१०३	डा. सुरेन्द्र झा, रीडर, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, लखनऊ परिसर, लखनऊ

उपर्युक्त सभी केन्द्रों पर शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता–पूर्वक सम्पन्न किया गया।

७. परीक्षा अनुभाग

परीक्षा अनुभाग के प्रमुख डा. जी.आर. मिश्र (एम.ए. संस्कृत, पी–एच.डी.) उपनियन्त्रक (परीक्षा) हैं जिसमें त्रि–स्तरीय स्टाफ स्वरूप है। इस अनुभाग में निम्नलिखित स्टाफ कार्यरत हैं :–

१.	सहायक निदेशक (परीक्षा)	१
२.	अनुभाग अधिकारी	१
३.	शोध सहायक	१
४.	सहायक	३
५.	अनुदेशक	१
६.	वरिष्ठ आशुलिपिक	१
७.	निम्न श्रेणी लिपिक	३
८.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	२

संस्थान के परीक्षा पेपरों का मूल्यांकन इसका मुख्य दायित्व है। संस्थान के द्वारा प्रथमा से आचार्य, शिक्षाशास्त्री तथा विद्यावारिधि जैसी विभिन्न परीक्षाओं का संचालन किया जाता है। इन परीक्षाओं में अंगीभूत परिसरों तथा सम्बद्ध संस्थाओं के छात्र प्रवेश पाते हैं। ये परीक्षाएँ विद्यापरिषद् द्वारा निर्धारित मार्गदर्शी सिद्धान्तों और इस उद्देश्य से निर्धारित पाठ्यक्रमों के अनुसार संचालित की जाती हैं।

वर्ष २००३–२००४ में विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या इस प्रकार है :–

क्रमांक	कक्षा	परीक्षा में बैठने वाले छात्रों की संख्या	उत्तीर्ण	प्रतिशत
१.	प्रथमा III	२१२	१८६	८७.७३
२.	पूर्वमध्यमा I	१००४	९६०	९९.३३
३.	पूर्वमध्यमा II	५८२	५२०	८९.३४
४.	उत्तरमध्यमा I	३३६	३१४	९३.४५
५.	उत्तरमध्यमा II	२०४	१९४	९५.०९
६.	प्राक्शास्त्री I	१०२३	९३५	९१.३९
७.	प्राक्शास्त्री II	८९०	६८०	७६.४०

८.	शास्त्री I	१३५५	१३३३	९८.३७
९.	शास्त्री II	१३६१	१३३९	९८.३८
१०.	शास्त्री III	११४२	९७९	८५.७२
११.	आचार्य I	९०६	८८७	९७.९०
१२.	आचार्य II	९०३	६९१	७६.५२
१३.	शिक्षाशास्त्री	६६२	६२५	९४.४१

विगत वर्षों की भाँति २००३–२००४ में संस्थान के अधीन विभिन्न परिसरों में शिक्षा शास्त्री पाठ्यक्रम में छात्रों के प्रवेश हेतु पी.एस.एस.टी (पूर्व शिक्षा शास्त्री परीक्षा) भी आयोजित की गई थी। परीक्षा में ८३०० छात्रों ने भाग लिया।

इस वर्ष १८ छात्रों को विद्यावारिधि उपाधि प्रदान की गई।

संस्थाओं से सम्बद्धता

संस्थान ने कुछ एक परिसरों से कार्य करना आरम्भ किया था। लेकिन बाद में कुछ निजी प्रबन्धित संस्थाओं को इससे सम्बद्ध कर लिया गया। संस्थान से सम्बद्ध संस्थाओं की सूची संलग्नक 'ग' में दी गई है। संस्थान की परीक्षाओं को मान्यता देने वाली सरकारों तथा विश्वविद्यालयों के विवरण क्रमश: घ और ङ में दिए गए हैं।

८. प्रशासन अनुभाग

उपनिदेशक (प्रशासन) इस अनुभाग के प्रमुख हैं। इस वर्ष निम्नलिखित स्टाफ इसमें कार्यरत हैं :—

१.	अनुभाग अधिकारी	१
२.	सहायक	१
३.	वरिष्ठ आशुलिपिक	१
४.	उच्च श्रेणी लिपिक	२
५.	निम्न श्रेणी लिपिक	७
६.	जेस्टेटनर आपरेटर	१
७.	स्टाफ कार ड्राइवर	२
८.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	१०

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के मुख्यालय में प्रशासन अनुभाग नियमों, विनिमयों और प्रक्रिया अनुसार आन्तरिक लेखा कार्य और व्यवस्था के कार्य करता है। यह संस्थान के विभिन्न अंगीभूत परिसरों को अधिक प्रभावी और कार्यकुशल बनाने के लिए आवश्यक स्थापना सहायता प्रदान करता है। यह अनुभाग प्रमुख रूप से सामान्य प्रशासन, स्थापना सम्बन्धी मामलों, सेवा और आपूर्ति, भूमि और भवन अधिग्रहण, नए परिसरों की स्थापना और प्रबन्धन समिति तथा वित्त समिति की बैठकों के संचालन आदि कार्य करता है।

जिन परिसरों के पास अपना भवन नहीं है, उनके लिए भवन–निर्माण हेतु जमीन प्राप्त करने की दिशा में प्रयास किए गए हैं। जम्मू और पुरी परिसरों के भवन निर्माण की प्रक्रिया चल रही है। इसके अतिरिक्त जम्मू, जयपुर, शृंगेरी, लखनऊ, पुरी और गुरुवायूर परिसरों में लड़कों और लड़कियों के छात्रावास, पुस्तकालय और न्यूनतम स्टाफ आवास आदि के द्वितीय चरण का निर्माण प्रक्रियाधीन है।

९. वित्त अनुभाग

इस अनुभाग के प्रमुख अधिकारी श्री सी.एस. कनियाल, उपनिदेशक (वित्त) हैं। अनुभाग में निम्नलिखित स्टाफ़ कार्यरत है:—

१.	अनुभाग अधिकारी	१
२.	उच्च श्रेणी लिपिक	३
३.	निम्न श्रेणी लिपिक	३
४.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	२

बजट (२००३—२००४)

वर्ष २००२—२००३ के रु. ६१२.५४ लाख के अप्रयुक्त शेष को वित्तीय वर्ष २००३—२००४ में समाविष्ट किया गया। मन्त्रालय के द्वारा (गत वर्ष के अव्ययित शेष सहित) रु. ३,७६२.५४ लाख का कुल बजट स्वीकृत किया गया। इस राशि को अंगीभूत एककों में निम्नलिखित प्रकार से आबंटित किया गया :—

क्रमांक	एकक का नाम	योजनागत	योजनेत्तर	कुल योग
१.	मुख्य परिसर	१२११.३७	१०७७.५५	२२८८.९२
२.	पुरी परिसर	२००.००	२०५.३४	४०५.३४
३.	जम्मू परिसर	११५.००	१८४.८९	२९९.८९
४.	इलाहाबाद परिसर	१.१७	८०.०९	८१.२६
५.	गुरुवायूर परिसर	—	१२७.७०	१२७.७०
६.	जयपुर परिसर	१०१.००	१५२.९८	२५३.९८
७.	लखनऊ परिसर	—	१२२.६३	१२२.६३
८.	शृंगेरी परिसर	६६.६६	—	६६.६६
९.	गरली परिसर	५१.५०	—	५१.५०
१०.	भोपाल परिसर	४४.४९	—	४४.४९
११.	मुम्बई परिसर	२०.१७	—	२०.१७
	कुल	**१८११.३६**	**१९५१.१८**	**३७६२.५४**

वर्ष में यह धन वेतन और भत्ते, छात्रवृत्तियाँ, प्रसिद्ध संस्कृत विद्वानों को राष्ट्रपति सम्मान एवं व्यय की अन्य रख—रखाव की मदों पर उपयोग में लाया गया। वित्तीय वर्ष के अन्त में रु. ७४१.४२ लाख (योजनागत रु. २२०.३५ लाख और योजनेतर रु. ५२१.०७ लाख) की धनराशि व्यय न होने के कारण अवशिष्ट रही।

लेखा

यह अनुभाग संस्थान के विविध एककों से प्राप्त लेखों के समेकन और लेखा–परीक्षा हेतु डी.जी.ए.सी.आर. को प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी है। वर्ष २००३–२००४ के समेकित लेखे डी.जी.ए.सी.आर. को लेखा–परीक्षा हेतु दिनांक २८–१०–२००४ को प्रस्तुत किए गए।

भविष्य निधि खातों का अनुरक्षण

यह अनुभाग मुख्यालय के अधिकारियों व अन्य कर्मचारियों के वेतन व भविष्य निधि खातों का अनुरक्षण करता है। वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर अविलम्ब प्रत्येक सदस्य को वार्षिक भविष्य निधि खाते का विवरण प्रदान किया गया है।

लेखा–परीक्षा आपत्तियों का निराकरण

वर्ष में लेखा–परीक्षा आपत्तियों को निपटाने के लिए संगठित प्रयास किए गए। इसके लिए सभी परिसरों को ये निर्देश दिए गए कि वे आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करें। इसके अनुपालन के उत्तर लेखा–परीक्षा प्राधिकारियों को भेजे गए। इस प्रकार इस वर्ष में बहु–संख्यक लेखा–परीक्षा–आपत्तियों को निपटाया गया।

इस अनुभाग को आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों से सम्बन्धित कार्य और संस्कृत, पाली, प्राकृत, अरबी तथा फारसी भाषाओं के लिए अपना उत्कृष्ट योगदान करने हेतु भारत के राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित विद्वानों को मानदेय देने का कार्य भी सौंपा गया है।

१०. योजना अनुभाग

यह अनुभाग श्री सी.एस. कनियाल, उप निदेशक (वित्त) के अधीन कार्य कर रहा है। इनमें निम्नलिखित स्टाफ कार्य कर रहे हैं :–

१.	अनुभाग अधिकारी	१
२.	सहायक	१
३.	उच्च श्रेणी लिपिक	३
४.	निम्न श्रेणी लिपिक	१
५.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	१

संस्थान संस्कृत भाषा और साहित्य के संवर्धन तथा प्रचार हेतु मानव संसाधन विकास मन्त्रालय भारत सरकार द्वारा अन्तरित निम्नलिखित योजनाओं का कार्यान्वयन कर रहा है।

(i) स्वैच्छिक संस्कृत संगठनों को वित्तीय सहायता :

इस योजना के अन्तर्गत चयनित संगठनों को संस्कृत अध्यापकों को वेतन, छात्रों को छात्रवृत्ति, पुस्तकालय अनुदान और संस्थान–भवन के निर्माण के रूप में वित्तीय सहायता की स्वीकृति दी जाती है।

इस योजना के अन्तर्गत संस्थान द्वारा वर्ष २००३–२००४ में रु. ३७८.४६ लाख की राशि व्यय की गई थी। इस वर्ष में ७९३ संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

(ii) अखिल भारतीय वाक्स्पर्धा प्रतियोगिता

संस्थान देश के विभिन्न भागों में प्रत्येक वर्ष अखिल भारतीय वाक्स्पर्धा आयोजित करता है जिससे पारम्परिक संस्कृत छात्रों को शास्त्रीय संस्कृत भाषा में आशु भाषण में प्रोत्साहित किया जा सके। समस्या–पूर्ति की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाता है। प्रत्येक राज्य सरकार/संघ शासित प्रदेश सरकार से आठ शास्त्रीय विषयों में प्रतियोगिता हेतु एक अध्यापक सहित आठ सहभागियों के नाम भेजने का अनुरोध किया जाता है। प्रत्येक में सर्वोत्तम प्रतियोगी को एक पदक और प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाता है। साथ में उत्तमता के क्रम में अर्थात् क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रु. ८००/–, रु. ५००/– और रु. ३००/– के नकद पुरस्कार दिए जाते हैं। इन पुरस्कारों के अतिरिक्त विजेताओं को पदक भी दिए जाते हैं। इस अवधि में श्लोकान्त्याक्षरी की पुरस्कार राशि को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के रूप में परिशोधित करके रु. ३०००/–, रु. २०००/– और रु. १०००/– कर दिया गया है।

वर्तमान दस विषयों के अतिरिक्त ''शास्त्र शलाका परीक्षा'' को भी आरम्भ किया गया है। लखनऊ में गत वर्ष की प्रतियोगिताओं में घोषित अनुसार ''शास्त्र शलाका परीक्षा'' निम्नलिखित तीन विषयों में जयपुर में आयोजित की गई।

१.	व्याकरण	व्याकरण सिद्धान्त कौमुदीय संज्ञा परिभाषा–पञ्च सन्धि, स्त्री–प्रत्यय, कारक प्रकरण
२.	न्याय	दैनकरी साहित्य न्याय सिद्धान्त मुक्तावली का अनुमानशब्दखण्ड
३.	काव्य	मेघदूतम् (कालिदास का)

इस प्रतियोगिता का स्वरूप भारत की शास्त्र शिक्षण पद्धति की प्राचीन परम्परा से लिया गया है जिसमें छात्र को व्याख्या सहित मूल–पाठ स्मरण करना होता है और "रजत शलाका" के द्वारा व्यक्त बिन्दु का वर्णन और व्याख्या करना अपेक्षित होता है। इस कठिन प्रतियोगिता का लक्ष्य परम्परा को पुनर्जीवित करना है और छात्र की स्मरण–शक्ति को तीक्ष्ण करना है। इस वर्ष में इस कार्य हेतु रु. ५.०० लाख की राशि व्यय की गई।

इस प्रतियोगिता के तीन भाग हैं :

१. कण्ठ–पाठ परीक्षणम् : प्रतियोगी को विशेषज्ञों के परितोष होने तक प्रदत्त पाठ की पंक्तियों को अपनी स्मरण–शक्ति द्वारा सुनाना होता है।

२. व्याख्यान परीक्षणम् : प्रतियोगी को विशेषज्ञों के परितोष होने तक व्यक्त–पाठ की व्याख्या देखकर अथवा बिना देखे करनी होती है।

३. प्रश्न समाधानम् : प्रतियोगी को शलाका द्वारा व्यक्त मूल–पाठ के व्यक्त भाग से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के प्रश्नों का उत्तर देना होता है। अर्हता के लिए अर्हकारी अंक ५० प्रतिशत हैं।

इस प्रकार शलाका को प्रत्येक प्रतियोगी के लिए नौ बार व्यक्त करना होता है।

प्रत्येक राज्य से प्रत्येक विषय (कुल तीन) में एक तीक्ष्ण–बुद्धि प्रतियोगी को इस प्रतियोगिता हेतु अनुमति प्रदान की जाती है।

पदक, प्रमाण–पत्र तथा रु. ३०००/–, रु. २०००/– और रु. १०००/– की राशि प्रत्येक विषय में क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के विजेताओं को पुरस्कार के रूप में प्रदान की जाती है।

(iii) शास्त्र चूड़ामणि योजना

इस योजना के अन्तर्गत आदर्श संस्कृत पाठशालाओं और राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे संस्कृत महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं स्वैच्छिक संगठनों में सेवानिवृत्त प्रख्यात संस्कृत विद्वानों की सेवाओं का उपयोग किया जाता है।

इस योजना को आरम्भ करने का उद्देश्य यह है कि परम्परागत पद्धति से संस्कृत शिक्षा प्रदान करने वाले केन्द्रों में विभिन्न शास्त्रीय विषयों के गहन अध्ययन को संरक्षित किया जा सके। योजना के अनुसार परम्परागत संस्कृत विद्वानों की नियुक्ति विभिन्न संगठनों में की जाती है। प्रत्येक विद्वान् को रु. २५००/– प्रति माह दो वर्ष की अवधि के लिए दिए जाते हैं। सहायक–अनुदान समिति की संस्तुति पर एक वर्ष के लिए इनकी नियुक्ति का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है।

इस योजना के अन्तर्गत रु. २१.५४ व्यय किए गए।

(iv) व्यावसायिक प्रशिक्षण योजना

इस योजना के अन्तर्गत चुने हुए संगठनों को ज्योतिष, कर्म–काण्ड, पुरालिपि–शास्त्र, सूची–निर्माण, पाण्डुलिपि–विज्ञान, संस्कृत आशुलिपि और टंकण आदि विद्या विशेषों में कार्यशालाओं के आयोजन तथा प्रायोगिक प्रशिक्षण के संचालन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के अन्तर्गत (२००३–०४ में) रु. १.४८ लाख व्यय किए गए।

(v) आदर्श संस्कृत महाविद्यालय / शोध संस्थान

इस योजना के अन्तर्गत देश के विभिन्न भागों में २३ संस्थाएँ संस्थान के अधीन चल रही हैं। इस योजना के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त संस्थाओं को व्यय की आवर्ती मदों पर ९५% तथा अनावर्ती मदों पर ७५% अनुदान दिया जाता है। इस वर्ष योजना में रु. २८३.२३ लाख तथा योजनेतर में २०१.९२ लाख रुपए की धनराशि संस्थान के द्वारा इन संस्थाओं को दी गई।

(vi) संस्कृत शब्दकोश परियोजना

ऐतिहासिक सिद्धान्तों के आधार पर १५०० ई.पू. से १९०० ई. तक की अवधि का एक अतिव्यापक संस्कृत शब्दकोश डेकन कॉलेज पूना के द्वारा तैयार किया जा रहा है। यह परियोजना वर्ष १९४८ से आरम्भ की गई थी। डेकन कॉलेज, पूना का संस्कृत शब्दकोश परियोजना विभाग प्रधान सम्पादक की अध्यक्षता में कार्य कर रहा है और अब तक इस परियोजना में शब्दकोश के ३५२८ मुद्रित पृष्ठों से युक्त ७ खण्ड–भाग १ प्रकाशित किए गए हैं। कार्य चल रहा है। यह परियोजना मुख्यत: भारत सरकार के द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त है तथा महाराष्ट्र सरकार के द्वारा भी कुछ वित्तीय सहायता दी जाती है। वर्ष २००३–२००४ में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान ने संस्कृत शब्दकोश परियोजना के लिए ३७ लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की।

(vii) भारत के राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित विद्वानों को मानदेय राशि

भारत के राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित विद्वानों को संस्थान प्रति वर्ष ५०,०००/– रुपए की मानदेय राशि देता है।

इस वर्ष के दौरान इस मद में रु. १२०.७१ लाख व्यय किए गए।

(viii) उत्तर –पूर्व क्षेत्रों में संस्कृत भाषा को प्रोत्साहन

वर्ष २००३–२००४ में संस्थान ने देश के उत्तर–पूर्व क्षेत्रों में संस्कृत भाषा के अध्ययन, प्रसार और प्रोत्साहन हेतु रु. ३७.३३ लाख व्यय किए।

१०.१ पुस्तकालय

संस्थान में शैक्षणिक कार्यकलापों और आगन्तुक विद्वानों की सुविधा हेतु ५००० से भी अधिक संस्कृत ग्रन्थों से युक्त पुस्तकालय है। अनुभाग की प्रधान डा. (श्रीमती) शुक्ला मुखर्जी, पुस्तकालयाध्यक्ष हैं जो निम्नलिखित कर्मचारियों के साथ विक्रय व कम्प्यूटर के कार्यों की देखभाल भी करती हैं :

१.	पुस्तकालय सहायक	१
२.	सहायक	१
३.	निम्न श्रेणी लिपिक	१
४.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	२

अनुभाग ने भोपाल और मुम्बई परिसरों को कम्प्यूटर प्रदान किए हैं। संस्थान के पूर्व शिक्षा शास्त्री परिणाम वेबसाइट पर २००२–०३ से प्रारम्भ किए गए हैं। वर्ष में प्राप्त ग्रन्थों का विवरण तथा बिक्री आय निम्नलिखित है :

पुस्तकालय

१.	क्रीत ग्रन्थ	रु. ३०,०१४.००
२.	उपहार के रूप में प्राप्त ग्रन्थ	रु. १,०८,११५.००

विक्रय

१.	पुनर्मुद्रित दुर्लभ ग्रन्थ	रु. १२.४५ लाख
२.	संस्थान के प्रकाशन	रु. २१.३३ लाख
	कुल योग	रु. ३३.७८ लाख

११. परिसर

११.१ राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मानित विश्वविद्यालय)
श्री गङ्गानाथ झा परिसर, इलाहाबाद (उ.प्र.)

परिसर विवरण

इलाहाबाद परिसर एक शोध संस्थान है जो राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान का अंग है। राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान की पी.एच.डी. (विद्यावारिधि) उपाधि हेतु शोधकार्य करने के लिए परिसर प्रतिवर्ष एक निश्चित संख्या में शोध छात्रों को प्रवेश देता है। इस प्रकार से प्रविष्ट शोध–छात्र विद्यापीठ के शैक्षिक स्टाफ़ के मार्गदर्शन में कार्य करते हैं तथा परिसर के पुस्तकालय एवं पाण्डुलिपि अनुभाग में उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग करते हैं। पुस्तकालय एवं पाण्डुलिपियों का उपयोग विद्यापीठ के छात्रों और विद्वानों के लिए सीमित नहीं है अपितु सभी विद्वानों के लिए संदर्भ पुस्तकालय के रूप में खुला है। यह परिसर मान्यता प्राप्त शोध केन्द्र है। परिसर संस्कृत एवं प्राचीन भारतीय संस्कृति में अभिरुचि रखने वाले समाज के विभिन्न वर्गों के विद्वानों एवं शोधार्थियों को अपने पुस्तकालय की क्षमता के अनुसार उसके उपयोग के लिए आमन्त्रित करता है।

शैक्षिक स्टाफ़ के सभी सदस्य छात्रों को शोध–कार्य में मार्ग–दर्शन करने के अतिरिक्त संस्थान द्वारा दिए गए विषयों पर अपना शोध–कार्य भी करते हैं। परिसर की शोध–परियोजनाओं का कार्य न केवल वैयक्तिक रूप से अपितु सामूहिक रूप से भी किया जाता है।

संकाय सदस्यों की पार्श्विका

क्रमसं.	नाम	पदनाम	अर्हता	विशेषज्ञता
१.	डा. गोप राजू रामा	रीडर एवं प्राचार्य	विद्याप्रवीण, साहित्याचार्य, साहित्यशास्त्र, धाकरावर्ती (पी–एच.डी.) डिप्लोमा इन जर्मन	व्याकरण एवं साहित्य
२.	डा. श्रीमती एस.के. मिश्र	रीडर	साहित्याचार्य, आर्युवेदाचार्य, साहित्यशास्त्र, साहित्याचार्य, विद्यावारिधि	साहित्य
३.	डा. वी.एन. गिरि	रीडर	साहित्याचार्य, एम.ए. (संस्कृत) आचार्य (पुराणिक वेद), विद्यावारिधि	साहित्य
४.	डा. बनमाली विश्वाल	रीडर	व्याकरणाचार्य, एम.ए., एम.फिल, पी–एच.डी., नेट, साहित्याचार्य	व्याकरण साहित्य
५.	श्री श्रीराम मिश्र	सीनियर ग्रेड लेक्चरर		

६.	डा. श्रीमती सैलजा पाण्डेय	शोध सहायक	एम.ए. (संस्कृत), वेद, आचार्य (प्राकृत इतिहास), पी–एच.डी., डी.लिट.	शोध
७.	श्री राम चन्द्र	शोध सहायक	एम.ए. (संस्कृत)	शोध
८.	श्री कैलाश चन्द्र दास	शोध सहायक	एम.ए. (संस्कृत)	शोध

उपर्युक्त के अतिरिक्त विद्यापीठ के पुस्तकालय और पाण्डुलिपि अनुभाग हेतु निम्नलिखित पद भी हैं :

१.	प्रोजेक्ट ऑफिसर	१
२.	लाइब्रेरियन	१
३.	क्यूरेटर	१
४.	एसिसटेन्ट लाइब्रेरियन	२
५.	लाइब्रेरी पण्डित	१
६.	कॉपिस्ट	१

वर्ष में छात्रवृत्तियाँ प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या : १५

परिसर की शोध पत्रिका का ५६वाँ खण्ड प्रकाशित किया गया। डा. (श्रीमती) एस.के. मिश्रा द्वारा सम्पादित वार्षिक पत्रिका ''उशती'' का प्रकाशन भी किया गया। उपर्युक्त के अतिरिक्त परिसर ने ''वेदभाषा कोश'' परियोजना पर कार्य आरम्भ किया है।

गतिविधियाँ :

१. संस्कृत दिवस समारोह आयोजित किया गया।

२. उत्कृष्ट विद्वानों के व्याख्यान आयोजित किए गए।

३. न्याय पर १० दिवसीय पुनश्चर्या का संचालन किया गया।

४. अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण पर कक्षाओं का आयोजन किया गया।

संकाय सदस्यों की पार्श्विका :

१. डा. वी.एन. गिरि – (क) दो छात्रों ने शोध–प्रबन्ध प्रस्तुत किए और बाईस छात्र उनके मार्गदर्शन में शोध–कार्य कर रहे हैं।

(ख) परिसर के निम्नलिखित कार्यों को आरम्भ किया है–

I. सार समुच्चय (काव्य प्रकाश टीका) II. विवरण (न्याय सूत्र वृत्ति) III. अन्वीक्षण तत्त्वबोध।

(ग) प्रकाश (न्याय–रत्न टीका) उनकी स्वतन्त्र रचना है।

२. डा. (श्रीमती) एस.के. मिश्रा – (क) दो छात्रों ने शोध–प्रबन्ध प्रस्तुत किए हैं और अठारह छात्र उनके मार्ग–दर्शन में शोध–कार्य कर रहे हैं।

(ख) परिसर के निम्नलिखित कार्यों को आरम्भ किया है– I. कालार्चन दीपिका II. डा. गंगानाथ झा द्वारा संकलित श्लोकसंग्रह।)

(ग) विभिन्न पत्रिकाओं में चार लेख प्रकाशित हुए।

३. डा. (श्रीमती) शैलजा पाण्डेय – (क) परिसर के निम्नलिखित कार्यों की जिम्मेवारी ली है–
I. ऋग्वेद भाष्य कोश II. सत्योपाख्यान।

(ख) विभिन्न पत्रिकाओं में सात लेख प्रकाशित हुए।

४. डा. बनमाली विश्वाल – (क) उनके मार्गदर्शन में एक छात्र को पी.एच.डी. की उपाधि मिली।
(ख) दो ग्रन्थ मुद्रणाधीन, दो ग्रन्थ प्रकाशित, चार रचनाएँ सम्पादित और छः ग्रन्थ पुनरीक्षित किए।
(ग) सात लेख छपे।
पाँच सेमिनारों में भाग लिया और चार व्याख्यान दिए।

५. डा. कैलाश चन्द्र दास (शोध सहायक) – (क) भीम पण्डित की "परिभाषार्थमञ्जरी" के सम्पादन की सह परियोजना में लगे।

(ख) "लघुशब्देन्दुशेखर" की टीका पर कार्य कर रहे हैं।

६. श्री रामचन्द्र (शोध सहायक) – (क) "पुरुषोत्तम की विष्णुभक्ति कल्पलता" का सम्पादन कर रहे हैं।

७. श्रीमती वीणा मिश्रा (पांडुलिपि पण्डित) – (क) मङ्गलमणिमाला का अन्तिम खण्ड सम्पन्न किया।

